गृह मंत्रालय

# केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने श्रीनगर में श्री अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की

प्रविष्टि तिथि: 26 JUN 2019 9:14PM by PIB Delhi

केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने आज श्रीनगर में श्री अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में समीक्षा बैठक की। इस मौके पर जम्मू कश्मीर के राज्यपाल श्री सत्यपाल मलिक, केंद्रीय गृह सचिव श्री राजीव गौबा तथा गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। विस्तृत चर्चा के बाद केंद्रीय गृह मंत्री ने सुरक्षित यात्रा के लिए विभिन्न निम्नलिखित मुद्दों पर जोर दिया:

- उन्होंने सभी सुरक्षा एजेंसियों को पूरी तरह से सतर्क रहने तथा हिंसा रहित यात्रा सुनिश्चित करने के लिये सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।
- कोई ढिलाई नहीं बरती जानी चाहिए। मानक संचालन प्रक्रिया(एसओपी) का सख्त पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। वरिष्ठ अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से व्यवस्थाओं की निगरानी करनी चाहिए।
- सुरक्षा बलों को न केवल यात्रा की सुरक्षा के लिए बल्कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों की आवाजाही को भी आसान बनाने के लिए नवीनतम तकनीकों और गैजेट्स का सर्वोत्तम संभव उपयोग सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने सुरक्षा बलों का ध्यान विशेष रूप से तोड़-फोड़ रोधी कार्यवाईयों के नियंत्रण की ओर आकृष्ट किया।

श्री शाह ने काफिले के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) के महत्व को रेखांकित किया और निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष जोर दिया।

- काफिले को समय पर भेजना सुनिश्चित किया जाना चाहिए।
- निर्धारित समय-सीमा के बाद उचित स्थानों पर बैरिकेड्स लगाए जाने चाहिए व यत्रियों और पर्यटकों में कोई भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए।
- काफिले की गतिविधि के दौरान सभी प्रवेश द्वारों पर बैरिकेड्स का उपयोग किया जाना चाहिए।
- सभी प्रवेश द्वारों पर 24 घंटे निगरानी की जानी चाहिए।
- चिकित्सा आपातकाल के अलावा, किसी भी प्रकार की आपदा या आकस्मिकता से निपटने के लिए भी तैयारियां सुनिश्चित की जानी चाहिए। विशिष्ट इकाइयों और प्रशिक्षित कर्मियों को इस प्रयोजनार्थ हमेशा तैयार रखा जाना चाहिए।
- आधार शिविरों में सर्वोत्तम संभव सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए।
- यात्रा की व्यवस्था के लिए प्रतिनियुक्त लोगों के लिए आवश्यक सुविधाओं पर जोर देते हुए, उन्होंने सभी तैनात कर्मियों द्वारा उचित आचरण बनाए रखने की आवश्यकता को रेखांकित किया।
- पूरे यात्रा काल के दौरान किसी भी समय सुरक्षा बलों या तैनात स्टाफ को अति-आत्मविश्वास से बचना चाहिए।
- गृहमंत्री ने सभी सुरक्षा बलों और विभिन्न एजेंसियों को उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखने की सलाह दी और यह भी कहा कि पूरे राज्य में सभी संवेदनशील और आतंकी गतिविधियों वाली संभावित जगहों पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि यात्रा से जुड़े किसी भी खतरे को टाला जा सके।

2. यात्रा के सफल आयोजन के लिए राज्य के लोगों द्वारा पूर्ण सहयोग देने की सराहना करते हुए गृहमंत्री श्री अमित शाह ने यात्रा के दौरान सर्वोत्तम सुविधाये प्रदान करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

***